प्रश्न सं. [ क्र. 461 ]

परिशिष्ट

वि.स. प्रश्न क्र. 461 (अतारांकित)

माननीय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे

सदन में उत्तर- 20.12.2019

केन्द्र सरकार के संबंधित विभागों से आवश्यक वैधानिक एवं गैर वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त करने के संबंध में दिये गये आवेदनों का विवरण एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी

**1x660 मेगावाट सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी:-**

**पर्यावरणीय स्वीकृति-** टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टी.ओ.आर.) प्राप्ति हेतु पर्यावरण एवं वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार को दिनांक 07.10.2019 को ऑन लाईन आवेदन किया गया। 21 अक्टूबर 2019 को सम्पन्न हुई 34 वीं एक्सपर्ट एप्रेजल कमेटी की बैठक में टी.ओ.आर. पर चर्चा की गई एवं साइट विजिट की अनुशंसा की गई तथा साइट विजिट हेतु सब कमेटी का गठन किया गया। एक्सपर्ट एप्रेजल कमेटी द्वारा गठित सब कमेटी द्वारा प्रस्तावित परियोजना स्थल का दौरा दिनांक 23.11.2019 को कर लिया गया है। टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टी.ओ.आर.) अपेक्षित है। टी.ओ.आर. प्राप्ति के उपरांत पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्रतिवेदन तैयार करने की कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी।

**कोयला आवंटन-** कोयले के आवंटन हेतु केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली को दिनांक 05.12.2018 को आवेदन प्रस्तुत किया गया। तदुपरांत ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दि. 10.06.2019 को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार को कोयला आवंटन हेतु अनुरोध किया गया है। कोयला मंत्रालय की स्टेंडिंग लिंकेज कमेटी (थर्मल प्रोजेक्ट के लिये) की दिनांक 18.11.2019 को संपन्न बैठक में परियोजना हेतु कोल आवंटन पर चर्चा की गई। कोल आवंटन अपेक्षित है।

**1x660 मेगावाट अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई :-**

**पर्यावरणीय स्वीकृति-** पर्यावरण एवं वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 10.10.2019 को टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टी.ओ.आर.) प्रदान किया गया । पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्रतिवेदन तैयार करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

**कोयला आवंटन-** कोयले के आवंटन बाबत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को दिनांक 05.12.2018 को आवेदन प्रस्तुत किया गया। तदुपरांत ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दि. 10.06.2019 को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार को कोयला आवंटन हेतु अनुरोध किया गया है। कोयला मंत्रालय की स्टेंडिंग लिंकेज कमेटी (थर्मल प्रोजेक्ट के लिये) की दिनांक 18.11.2019 को संपन्न बैठक में परियोजना हेतु कोल आवंटन पर चर्चा की गई। कोल आवंटन अपेक्षित है।

अनुभाग अधिकारी
ऊर्जा विभाग, म.प्र. शासन
भोपाल